दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (दिसंबर)

कक्षा-चौथी **विषय- हिंदी**

उपविषय -अपठित गद्यांश, क्रिया तथा काल

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

वर्षा ऋतु भारत की छह मौसमी ऋतुओं में से एक है। यह ऋतु गर्मियों के बाद आती है और तीन महीनों तक चलती है, जुलाई से सितंबर तक। वर्षा ऋतु में धरती पर हरियाली छा जाती है। पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं और फूल खिलने लगते हैं। नदियाँ और तालाब भर जाते हैं और पानी की कमी दूर हो जाती है। किसानों के लिए यह ऋतु बहुत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इसमें वे अपने खेतों में फसलें लगाते हैं। वर्षा ऋतु में मौजूद हरियाली और पानी की उपलब्धता के कारण, यह ऋतु प्रकृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। वर्षा ऋतु में अकसर भारी बारिश हो जाती है, जिससे बाढ़ और जल-प्रलय की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र०1 किसानों के लिए वर्षा ऋतु क्यों महत्वपूर्ण है ?

प्र०2 वर्षा ऋतु में भारी बारिश से कौन- सी समस्या उत्पन्न हो सकती है ?

प्र०3 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखे।

क) **बारिश –** समय, वर्षा

ख) **धरती -**भूमि ,आसमान

प्र०4 सही (☑)या गलत (❌) का निशान लगाइए।

क) यह ऋतु प्रकृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है।( )

प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए।

क) मनन पूजा कर रहा है।

ख) राजन नाच रहा है।

प्र०6 कोष्ठक में दिए क्रिया शब्द का उचित शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए।

क) मीरा बाज़ार _____रही है।(जाना)

प्र०7 रेखांकित क्रिया शब्दों के काल लिखिए।

क) मदन कविता पढ़ रहा है।

ख) मोना ने गाना गाया था।